nt>

Title: Need to take steps for promoting industrial development and re-opening the closed Padrauna Sugar Mill in Gorakhpur, Eastern Uttar Pradesh.

श्री बालेश्वर यादव (पडरौना) : उपाध्यक्ष महोदय, देश के औद्योगिक नक्शे में पूर्वी उत्तर प्रदेश, विशोकर गोरखपुर का कोई स्थान नहीं है। इस कारण यह क्षेत्र सबसे पिछड़ा हुआ है। जो कारखाने व औद्योगिक ईकाइयां विगत में लगी भी थीं, वे बन्द पड़ी हैं। उदाहरणस्वरूप, कपड़ा मंत्रालय के अन्तर्गत खोली गई पड़रौना, कठकुइयां गौरी बाजार (उत्तर प्रदेश) व क्षेत्र के सटे मरौठा(बिहार) स्थित चीनी मिलें बन्द पड़ी है। गंगोत्री इन्टरप्राइजेज जो 1998-99 में चालू की गई थी, अब अस्तित वविहीन हो गई हैं। यहां का बेरोजगारी का ग्राफ ऊंचाइयां की ओर बढ़ रहा है। हर र्वा गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि वह उन कारणों का पता लगाए, जिससे क्षेत्र की औद्योगिक ईकाइयां नहीं पनप पाती हैं तथा उन कारणों को दूर करने के उपाय करें। दूसरा - कम से कम पड़रौना चीनी मिल को पुनः चालू करवाने के लिए कदम उठायें।